कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय, इटावा।

विज्ञप्ति

उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र सं.2849/ एसएलएसए-37ए/2010 दिनांकित 12-12-2018 अनुक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इटावा में ए.डी.आर. सेन्टर में सृजित पदों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी(चपरासी)02 पद मासिक पारिश्रमिक 7000/-रु., चौकीदार 01 पद मासिक पारिश्रमिक 5000/-रु. तथा सफाई कर्मी 01 पद मासिक पारिश्रमिक 2000/-रुपये पर नियुक्ति की जानी है।

उपर्युक्त सृजित पदों पर नियुक्त नियत अवधि के लिए आउट सोर्सिंग के माध्यम से की जानी है। कुशल कार्मिकों की भर्ती के लिए इच्छुक आउटसोर्सिंग एजेन्सी/सेवा प्रदाता एजेन्सी अभ्यर्थियों के पूर्ण विवरण सहित कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इटावा में दिनांक- 25.10.2021 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकती हैं। आउटसोर्सिंग एजेन्सी/सेवा प्रदाता एजेन्सी द्वारा संदर्भित अभ्यर्थियों का चयन नियुक्ति समिति द्वारा विहित प्रक्रिया के आधार पर किया जायेगा।

पूर्वोक्त पदों पर आउटसोर्सिंग द्वारा नियुक्ति हेतु आवश्यक योग्यता, नियम व शर्तें जनपद न्यायालय, इटावा की बेबसाइट www.ecourts.gov.in/etawah से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

(जसवीर सिंह यादव)

दि. 05.10.2021

पूर्ण कालिक सचिव

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इटावा।

कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय, इटावा।

नियम व शर्तें

1. चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण (चपरासी 02 पद, चौकीदार 01पद व सफाई कर्मी 01पद, कुल 04 पदों) की नियत मासिक मानदेय (क्रमशः 7000/-, 5000/- व 2000/-रुपये) पर अस्थायी रूप से दिनांक-28.02.2022 तक के लिए नियुक्ति की जायेगी। नियुक्त कर्मचारीगण का मानदेय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय, इटावा द्वारा आउटसोर्सिंग एजेन्सी/सेवा प्रदाता एजेन्सी के बैंक खाते में ई-पेमेन्ट/चेक के माध्यम से भुगतान प्राप्त होगा। सम्बन्धित कर्मचारीगण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय, इटावा के मध्य इस सम्बन्ध में कोई संव्यवहार/पत्राचार नहीं हो सकेगा।

2. पूर्वोक्त अस्थायी पदों पर नियुक्ति हेतु निम्नलिखित न्यूनतम योग्यता होगी।

क्रमांक	पद का नाम	पदों की संख्या	योग्यता
1	चपरासी	02	कक्षा 8
2	चौकीदार	01	कक्षा 5
3	सफाई कर्मी	01	शिक्षित

3. अभ्यर्थी आज्ञाकारी व विनम्र स्वभाव एवं अच्छे आचरण का होना अनिवार्य है।

2. अभ्यर्थी का कोई भी आपराधिक इतिहास और उस पर अनैतिक आचरण का कोई आरोप नहीं होना चाहिए।

3. आवेदन निःशुल्क है।

6. नियुक्त कर्मचारी अर्हता के व्यतिक्रम या उसकी सेवा संतोषजनक न पाये जाने पर किसी भी समय व स्तर पर उसकी सेवा समाप्त कर दी जायेगी।

4. आवेदन पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय, इटावा में दिनांक- 25.10.2021 को सायं 05 बजे तक जमा किये जा सकेंगे।

5- चयनित आउटसोर्सिंग एजेन्सी/सेवा प्रदाता एजेन्सी स्वयं के व्यय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय, इटावा से 100/-रुपये के स्टाम्प पेपर पर एक अनुबन्ध-पत्र निष्पादित करेगा, जिसमें आउटसोर्सिंग एजेन्सी/सेवा प्रदाता एजेन्सी को नियुक्त व्यक्ति के आज्ञाकारी, विनम्र व विहित योग्यताधारक होने का उत्तरदायित्व लेना होगा।

(जसवीर सिंह यादव)

दि. 05.10.2021

पूर्ण कालिक सचिव

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इटावा।